# <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक- 29.04.2025**

**जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 28/29.04.2025 को 13 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 27 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।**

01.➞थाना जहांगीराबाद पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद मोबाइल व नेक बैण्ड बरामद-

थाना जहांगीराबाद पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 130/2025 धारा 309(4)/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों 1. अबरार पुत्र तजम्मुल 2. अल्फाज पुत्र असफाक निवासीगण ग्राम ढकौली थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को मझपुरवा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद मोबाइल व 01 अदद नेकबैण्ड बरामद किया गया।

अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 13.03.2025 को थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत देवा रोड से सद्दीपुर की तरफ एक ई-रिक्शा चालक से मोबाइल, बैग व नकदी छीन ली गयी थी।

02.➞थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा 05 वांछित अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से मारपीट में प्रयुक्त 05 अदद डण्डा बरामद-

थाना फतेहपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 323/2025 धारा 109/115(2)/352/351(3)/333/3(5) बीएनएस से सम्बन्धित 05 वांछित अभियुक्तों 1. अशोक कुमार पुत्र रामसमुझ 2. अतुल कुमार पुत्र अवधराम 3. सुनील उर्फ सुन्ना पुत्र बच्चूलाल 4. सुधीर कुमार पुत्र बच्चूलाल 5. रविशंकर पुत्र रामखेलावन निवासीगण बरौलिया थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को इसेपुर रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से मारपीट की घटना में प्रयुक्त 05 अदद डण्डा बरामद किया गया।

03.➞थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 131/2025 धारा 87/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त महबूब आलम पुत्र रईश निवासी मोहल्ला बुनकर कालोनी कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को काशीराम कालोनी मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया।

04.➞थाना देवा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से 01 अदद बांका बरामद-

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 255/2025 धारा 115(2)/352/351(2)/109 बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सुनील पुत्र रामखेलावन निवासी भवनपुरवा थाना देवा जनपद बाराबंकी को उदवतपुर नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे/निशांदेही से 01 अदद बांका बरामद किया गया।

05. ➡थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार-

थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 184/2025 धारा 103(1)/238/3(5)/61 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्ता आयुषी यादव उर्फ काजल पुत्री सुधीर कुमार यादव निवासिनी ग्राम रशीद खेड़ा मजरे मंझी थाना माल जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया।

06. ➡थाना दरियाबाद पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

थाना दरियाबाद पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 140/2025 धारा 69/324(2)/351 बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त फैसल पुत्र सल्लू निवासी ग्राम पूरे कामगार थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी को मथुरानगर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया।

07. ➡थाना हैदरगढ़ पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद-

थाना हैदरगढ़ पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.04.2025 को अभियुक्त दीपक लोध पुत्र धुन्नर निवासी दरियाव पुरवा मजरे भिखरा थाना हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद कर थाना हैदरगढ़ पर मु0अ0सं0 132/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

08. ➡थाना टिकैतनगर पुलिस द्वारा 01 बालअपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी-

थाना टिकैतनगर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0 163/2025 धारा 105 बीएनएस, 3(2)(v) एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित बाल अपचारी को संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी।

09. ➡ थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा 01 अपहृता को किया गया बरामद-

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.04.2025 को मु0अ0सं0-132/2025 धारा 87/352/351(2) बीएनएस से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।